# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3983
दिनांक : 13.09.2021

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

विषयः– मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा दिनांक 14.09.2021 को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ का शिलान्यास किये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विशेष सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या–1830/सत्तर–4–2021 दिनांक 08 सितम्बर, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा दिनांक 14.09.2021 को 12:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ तथा उत्तर प्रदेश डिफेन्स कॉरीडोर का शिलान्यास किया जायेगा। इस दौरान मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उद्बोधन भी किया जाना है। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण (Live Telecast) भी होगा ।

उक्त के क्रम में विशेष सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या–1830/सत्तर–4–2021 के पत्र के आलोक एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने अपने विभागों के शिक्षकों/कर्मचारियों/छात्रों को दिनांक 14.09.2021 को मध्याहन 12:00 बजे, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार के उद्बोधन जो कि सजीव प्रसारण (Live Telecast) किया जा रहा है में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

13-9-21
कार्य. कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,मेरठ।
04. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/कार्यालय अधीक्षक/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने–अपने विभागों के कर्मचारियों को उक्त कार्यक्र में प्रतिभाग करने हेतु अवगत कराना सुनिश्चित करें।
05. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
06. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव